दिनांक 16 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कुरूद में पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर है जारी

भिलाई नगर/ जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कैलाश नगर कुरूद में पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य किया जा रहा है! गर्मी के मौसम को देखते हुए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने पाइपलाइन विस्तारीकरण के कार्य को युद्ध स्तर पर कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं! अमृत मिशन के तहत प्रथम फेस में 329 किलोमीटर तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है! द्वितीय फेस में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है! कैलाश नगर लोहिया रोड कुरूद में 5 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है तथा जवाहर नगर क्षेत्र में 1 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है , यहां अभी कार्य प्रगति पर है! जहां-जहां पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो रहा है वहां पर लोगों के घरों में नल कनेक्शन दिया जा रहा है! जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 329 किलोमीटर पाइप लाइन अब तक बिछाई जा चुकी है! नेवई , पुरैना, डूडेरा, मरोदा, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, रूआबांधा, खमरिया, कुरूद, छावनी, खुर्सीपार, हाउसिंग बोर्ड, कोहका, राधिका नगर, नेहरू नगर, स्मृति नगर तथा मदर टैरेसा नगर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है! इनमें से कुछ छूटे हुए स्थलों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है! कोहका मंगल बाजार , खमरिया, कुरूद, नेहरू नगर, मदर टैरेसा नगर एवं छावनी में कार्य प्रगति पर है! मदर टैरेसा नगर क्षेत्र में बूस्टर डीआई पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है! 2 किलोमीटर तक पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है! लगातार यहां पर पाइपलाइन बिछाने के कार्य किया जा रहा है! आयुक्त के निर्देश के बाद इसके लिए संसाधनों में बढ़ोतरी की गई है! पाइप लाइन बिछाने के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है! कार्य के लिए कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई गई है!